याचिका संख्या–25 / वि०स०या०(मुज०)07–10 / 2026–

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

प्रेषक,

अनिल कुमार गुप्ता,
संयुक्त सचिव

सेवा में,

सचिव,
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक–

विषयः– श्री नन्द किशोर राम, माननीय स0वि0स0 द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित याचिका संख्या–462 / 26 के स्थानांतरण के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषयक माननीय सदस्य बिहार विधान सभा द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित याचिका संख्या–462 / 26 की मूलप्रति संलग्न करते हुए कहना है कि मुख्य अभियंता कार्यालय, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर का पत्रांक–2174 दिनांक–21.05.2026 द्वारा प्रतिवेदित है कि " पश्चिमी चम्पारण` जिला के प्रखण्ड रामनगर अन्तर्गत पंचायत–बनकटवा करमहिया के ग्राम बनकटवा दोन से पिपरा दोन के बीच कापन नदी अवस्थित है जिससे होते हुए प्रश्नगत ग्राम तक रास्ता / सड़क गुजरता है। बरसात के दिनों में पानी भर जाने के कारण दोन बासियों का आवागमन बाधित हो जाता है । यह नदी एक पहाड़ी एवं बरसाती नदी है, जो नेपाल के सिमावर्ती क्षेत्रों से निकलती है।" प्रश्नगत स्थल पर पुल निर्माण होने के कारण उक्त मामला बिहार राज्य पुल निर्माण निगम से संबंधित है।

अतः विषयांकित याचिका संख्या–462 / 26 बिहार राज्य पुल निर्माण निगम को स्थानांतरित किया जाता है तथा इसकी सूचना बिहार विधान सभा सचिवालय को भी अलग से दी जा रही है।

कृपया प्राप्ति स्वीकार किया जाय।

अनु0–यथोक्त्।

विश्वासभाजन

ह०/–

(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक – 25 / वि०स०या०(मुज०)07–10 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र से प्राप्त याचिका संख्या–462 / 26 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक – 25 / वि०स०या०(मुज०)07–10 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

संयुक्त सचिव

12

ज्ञापांक – 25/वि०स०या०(मुज०)07–10/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक – 25/वि०स०या०(मुज०)07–10/2026– 2336 पटना, दिनांक– 26/05/2026

प्रतिलिपि –कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26.05.26

संयुक्त सचिव